"हर काम देश के नाम"
कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक
उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010
O/o THE CONTROLLER GENERAL OF DEFENCE ACCOUNTS
Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010
दूरभाष : 011-25665742 फैक्स : 011- 25674806 ई मेल : hindicell.cgda@nic.in

(राजभाषा अनुभाग)

सं. : 0746/हि0 क 0/हि0 प 0/मु0 का0 **दिनांक : 16 अगस्त, 2024**

सेवा में
सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक/
क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र

विषय : हिंदी दिवस/पखवाड़े के अवसर पर रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन।

संदर्भ : मुख्यालय कार्यालय का दिनांक 16 जुलाई, 2024 का पत्र सं. 550181/रा.भा./ अ.भा.रा.भा.स./ 2024

****

केन्द्र सरकार के कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरुकता तथा उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य सें प्रतिवर्ष हिंदी दिवस/हिंदी सप्ताह/हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में रक्षा लेखा विभाग भी अपने कार्मिकों को हिंदी में कार्य निष्पादित करने तथा राजभाषा के प्रति रुचि जागृत करने हेतु सितम्बर माह में प्रतियोगिताओं का आयोजन करता आया है।

इस संबंध में उक्त संदर्भित पत्र के अंतर्गत प्रेषित भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय, रक्षा विभाग के 10 जुलाई, 2024 के पत्र सं. 20(4)/2024 - रक्षा (रा.भा. 1) के अंतर्गत प्राप्त भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की सचिव सुश्री अंशुली आर्या का दिनांक 03.07.2024 का अ.शा.पत्र सं. 11/04/04/2024-राजभाषा (नीति) और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिनांक 05 जुलाई, 2024 का कार्यालय ज्ञापन सं. 12015/01/2023 रा.भा.(त.क.) का अवलोकन करें जिसके अंतर्गत सूचित किया गया है कि हिंदी दिवस का शुभारंभ दिनांक 14 व 15 सितम्बर, 2024 को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा ''भारत मंडपम'', नई दिल्ली में हिंदी दिवस एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

आपसे अनुरोध है कि उक्त पत्रों में निहित निदेशों का पालन करते हुए अपने कार्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाए और इसमें भाग लेने के लिए अधिकाधिक कार्मिकों को प्रोत्साहित करें ताकि कार्यालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के लिए उत्साहवर्धक वातावरण बनाया जा सके।

प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी विजेताओं को पुरस्कृत किए जाने हेतु संबंधित कार्यालयों को उपयुक्त राशि भी स्वीकृत की जाए। इस संबंध में मुख्यालय कार्यालय की दिनांक 16 अगस्त, 2021 का पत्र सं 0746/हि0 क 0/हि0 प 0/मु0 का0/2020 का संज्ञान लें। हिंदी पखवाड़े के आयोजन के उपरांत आयोजन संबंधी एक रिपोर्ट मुख्यालय कार्यालय को अवश्य प्रेषित करने का कष्ट करें। कृपया पावती दें ।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

(नीरज कुमार)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा)